न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कोटडी जिला भीलवाडा

पीठासीन अधिकारीः— श्री भागीरथ साख आर. ए. एस

प्रकरण संख्याः— 38/2017 प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111,128 एल.आर.एक्ट 1956

अर्पित कुमार पिता गोपाल लाल सोमानी जाति सोमानी उम्र वयस्क निवासी विधुतनगर, भीलवाड़ा तहसील व जिला भीलवाडा

....प्रार्थी

बनाम

1. श्री भूरा पिता बद्री जाट जाति जाट निवासी बन का खेड़ा तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
2. श्री नारायण पिता लालु जाट जाति जाट निवासी बन का खेड़ा तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
3. श्री अम्बालाल पिता मैरू जाट जाति जाट निवासी बन का खेड़ा तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
4. श्री भोपाल पिता मैरू जाट जाति जाट निवासी बन का खेड़ा तहसील कोटडी जिला भीलवाडा
5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार कोटड़ी जिला भीलवाड़ा

...विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128, राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

—::आदेश::— दिनांकः —11/02/2017

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस न्यायालय में दिनांक 10.02.2017 को प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वाके ग्राम बन का खेड़ा पटवार हल्का बन का खेड़ा तहसील कोटडी की आराजी संख्या 248/1 रकबा 02 बीघा 02 बिस्वा, आराजी संख्या 248/2 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा, आराजी संख्या 248/3 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा स्थित हैं। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदायिवा के सीमाचिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है जिसमें प्रार्थी अपने खातें/संयुक्त खातें की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान करायें जावें ।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया एवं प्रकरण केवल सीमा सम्बंधी है जिससे किसी का कोई हक प्रभावित नही होता है । विपक्षीगण का कोई हक प्रभावित नही होता है खातेदारी हक प्रार्थी का है इस कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कियें जाने के आदेश प्रदत्त कियें जातें हैं एवं संबधित भू. अ. निरीक्षक सवाईपुर को कमिश्नर नियुक्त किया जाकर उभयपक्ष को सूचित करने के उपरांत पालना रिपोर्ट मार्फत तहसीलदार कोटड़ी के तलब की जावें ।

—::आदेश::—

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिये जाते है कि तहसील कोटड़ी के वाके ग्राम बन का खेड़ा पटवार हल्का बन का खेड़ा तहसील कोटडी की आराजी संख्या 248/1 रकबा 02 बीघा 02 बिस्वा, आराजी संख्या 248/2 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा, आराजी संख्या 248/3 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा पर पत्थरगढ़ी उभयपक्षों को सूचित किया जाकर बाद तिथी निर्धारण के पत्थरगढ़ी की जावें । प्रार्थी इस कार्य के लियें कमिश्नर फीस तहसीलदार कोटड़ी के निर्देशानुसार राशि 500/—रूपयें वक्त पत्थरगढ़ी कमिश्नर भू.अ. निरिक्षक को जमा करायेगा । खर्चा राशि जमा होने पर भू.अ. निरीक्षक द्वारा पत्थरगढ़ी की जाकर पालना करें ।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
कोटड़ी जिला—भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :—तहसीलदार कोटडी को भेजकर लेख है कि आवेदक की पत्थरगढ़ी कराकर सात योम में पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

सहायक कलक्टर
उपखण्ड अधिकारी
कोटड़ी जिला—भीलवाड़ा